निबंधन एवं शर्तें

परामर्शदता-किशोर स्वास्थ्य (प्रशिक्षण)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पूर्णत: अनुबंध के आधार पर अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व

- सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/राज्यों/जिलों/प्रशिक्षण केन्द्रों में स्टाफ को परामर्श देकर तथा यदि आवश्यक हो दिशानिर्देशों में आवश्यक संशोधन/तैयार करने और उनके प्रचार-प्रसार के माध्यम से किशोर स्वास्थ्य निष्पादन में लगातार सुधार की सुविधा देते हुए राज्य तथा जिलों में समग्र कार्यक्रम लक्ष्यों (संख्या और गुणवत्ता) का प्राप्त करने हेतु उत्तरदायी होना।
- राज्य पीआईपी तैयार करना, जिला योजनाओं, विशेष रूप से माइक्रो योजनाओं के एएच घटक तैयार करने में जिलों की सहायता करना।
- प्राप्त हुई रिपोर्टों/बेव आधारित एचएमआईएस में उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण तथा क्षेत्रीय दौरों के माध्यम से अनुमोदित योजना की प्रगति का आकलन करना।
- राज्यों के दौरे तैयार करने के लिए चैक लिस्टें तैयार करना (लक्षित समूह के लिए सेवा प्रदानगी पर बल देने और उसके उपयोग के साथ); अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करना।
- राज्यों का बार-बार दौरा करना और विशेष रूप से गुणवत्ता के क्षेत्र में क्षमताओं और कमियों की पहचान करने के लिए सेवा प्रदानगी का पर्यवेक्षण करना तथा कमियों को दूर करने के लिए चर्चा करना और उठाए जाने वाले कदमों के बारे में सहमत होना। सहमत हुए कदमों को कार्यान्वित किए जाने को सुनिश्चित करने हेतु अनुवर्ती कार्रवाई करना। प्रतिमाह कम से कम 15 दिन की यात्रा की संकल्पना की जाती है।
- क्षेत्रीय दौरों की निगरानी से प्राप्त फीडबैक के आधार पर दिशानिर्देश तैयार करना, उनकी समीक्षा करना; यह सुनिश्चित करना कि अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त किए जाते हैं और कार्यशालाओं के माध्यम से संशोधित दिशानिर्देशों का प्रचार-प्रसार किया जाता है। विशेष रूप से किशोर आबादी तक पहुंचने और उन्हें प्रभावी तरीके से एकजुट करने के नवीन उपायों सहित विकलप अभिज्ञात करना।
- किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रबंधन/प्रदानगी प्रक्रिया में सतत सुधार लाने के लिए राज्यों को अपेक्षित सहायता उपलब्ध कराना।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से प्राप्त होने वाली रिपोर्टों के विश्लेषण सहित प्राप्त होने वाले विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देना।
- प्रशिक्षणों में पर्याप्त विशेषज्ञता और अनुभव होना चाहिए। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम में सेवा प्रदाताओं के विभिन्न समूहों के लिए प्रशिक्षणों का आयोजन एवं उनकी निगरानी करेंगे।
- समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कोई कार्य।

पात्रता :

- किसी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से स्वास्थ्य प्रबंधन ; सामाजिक विज्ञान/एमबीए-स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा।
- 2+ वर्ष का कार्य अनुभव। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम/आसीएच में अनुभव वांछनीय है।
- उत्तम श्रेणी का अंतर वैयक्तिक कौशल; सरकारी तंत्र में सभी स्तरों के व्यक्तियों के साथ प्रभावी तरीके से कार्य करने के योग्य होना चाहिए।
- कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिए।
- उच्च गुणवत्ता का प्रकाशित कार्य होने या जब कभी विशेष प्रकार का कार्य करने का अनुभव होने पर औपचारिक शिक्षा तथा अनुभव में छूट दी जा सकती है।

आयु: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष तथा फील्ड दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य।
पारिश्रमिक सीमा : प्रतिमाह 60,000/- से 1,20,000/- रुपये के बीच
रिपोर्टिंग अधिकारी : उप आयुक्त, किशोर स्वास्थ्य, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्थान : दिल्ली

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **25-Sep-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर rch.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।